जिसको तेरा भरोसा जिसको तेरा सहारा

जिसको तेरा भरोसा जिसको तेरा सहारा,
मजधार क्या करेगा मझधार ही किनारा,
जिसको तेरा भरोंसा जिसको तेरा सहारा,

तेरी कृपा से मोहन भक्तों की नाव चलती,
तूफ़ान हो या आँधी उनको तो राह मिलती,
हाज़िर हुआ तू हरपल भक्तों ने जब पुकारा,
जिसको तेरा भरोंसा....

होंठो पे नाम तेरा दिल में उमंग तेरी,
अलमस्त सा रहा मैं छाई तरंग तेरी,
रोशन है काली रातें पाकर तेरा नज़ारा,
जिसको तेरा भरोंसा....

प्रभु हाथ जिसका पकड़े कभी छूटने ना देते,
अपने गले लगा के हर जख्म को है भरते,
नंदू दयालु मोहन भक्तो का रखवाला,
जिसको तेरा भरोंसा....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19863/title/jisko-tera-bharosa-jisko-tera-sahara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |